हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 6 फरवरी 2026

06 देर रात दो गुटों में हुआ विवाद, बाइक को लगाई आग...



07 जश्न-ए-उर्दू में श्रीकृष्ण और बुआ कुंती का स्तुति ने...





## खबर संक्षेप

### मनरेगा को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन आज

**विदिशा।** मनरेगा को हटाकर भाजपा सरकार की गरीब मजदूर विरोधी सोच के विरुद्ध 6 फरवरी को जिला कांग्रेस के तत्वावधान में नगर कांग्रेस कमेटी विदिशा द्वारा माधवगंज चौराहा पर दोपहर 12 बजे से धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी सुशील शर्मा ने बताया कि उक्त धरना आंदोलन में कांग्रेस के सभी मोर्चा संगठन के पदाधिकारी और वरिष्ठ नेतागण शामिल होंगे।

### अस्पताल कर्मचारियों ने मानव अधिकार आयोग से की शिकायत

**विदिशा।** जिला अस्पताल में आउट सोर्स कंपनी के द्वारा रखे गए कर्मचारियों ने मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो से कम वेतन दिये जाने की शिकायत की है। कर्मचारियों का आरोप है कि उन्हे सिर्फ 8 हजार रुपये वेतन दिया जा रहा है। जबकि कलेक्टर रेट के अनुसार 12150 रुपये प्रतिमाह वेतन मिलना चाहिए। जिला अस्पताल पहुंचे राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग के सदस्य प्रियंक कानूनगो ने कर्मचारियों की शिकायत को ध्यान से सुना और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया।

### चाकू से हमला करने वाले दोषियों को सजा

**विदिशा।** पुरानी रंजिश के चलते गंजबासौदा में हुई छुरेबाजी और मारपीट के एक गंभीर मामले में न्यायालय ने तीन आरोपियों को दोषी करार देते हुए कड़ी सजा सुनाई है।्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी विमलेश मुडिया ने 4 फरवरी 2026 को अपने फैसले में आरोपियों नरेश गुर्जर, बंटी गुर्जर और अंकित गुर्जर को भारतीय दंड संहिता की धारा 324 के तहत एक-एक वर्ष के सश्रम कारावास एवं 500-500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया। घटना 25 जून 2019 की शाम करीब 8 बजे की है। फरियादी अपने घर के बाहर दहलान में पड़ोसियों महेंद्र सिंह राजपूत और भगवान सिंह राजपूत के साथ बैठा हुआ था। तभी आरोपी पहुंचे और विवाद करते हुए चाकू से हमला किया था।

### कालुस्कर का निधन

**विदिशा।** नगर के जानेमाने साहित्कार एवं सार्वजिनक लायब्रेरी तिलक चौक के सचिव पुरुषोत्तम उपेंद्र कालुस्कर का



हृदयगति रुक जाने से गुरुवार को इंदौर में निधन हो गया है। शुक्रवार को इंदौर में ही उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। विदिशा के साहित्यकारों सहित लेखकों ने कालुस्कर के निधन पर दुःख व्यक्त किया है।

### बेतवा का सर्वेक्षण करने पहुंची केंद्र की टीम

**विदिशा।** केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान की पहल पर नमामि गंगे परियोजना के अंतर्गत गुरुवार को भारत सरकार की एक विशेषज्ञ टीम बेतवा नदी के विस्तृत सर्वेक्षण हेतु विदिशा पहुंची। विशेषज्ञ टीम द्वारा बेतवा नदी में मिलने वाले प्रमुख नालों चोरघाट नाला, गौशाला नाला एवं पीलिया नाला का स्थल निरीक्षण एवं तकनीकी सर्वे किया गया। टीम ने इन नालों से नदी में पहुंचने वाले अपशिष्ट, प्रदूषण के स्त्रोतों तथा उनके उपचार की संभावनाओं का गहन अध्ययन किया। इसके अतिरिक्त बेतवा नदी और बैस नदी का भ्रमण कर जल गुणवत्ता, प्रदूषण स्तर और संरक्षण की संभावनाओं का विस्तृत आकलन किया गया। निरीक्षण के दौरान शहर में संचालित सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का भी अवलोकन किया गया। भविष्य की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए नए एसटीपी स्थापित करने के प्रस्ताव, नालों के सीवेज प्रबंधन में आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर विस्तृत चर्चा हुई। इस विशेषज्ञ दल में भारत सरकार के सियाम खान मुआन गुइटे निदेशक, जल संसाधन विभाग, दुश्यंत सिंह चुंडावत परियोजना प्रबंधक राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन, सुनील कुमार, पर्यावरण अभियंता शामिल रहे।

### डी-मार्ट के खुलने से शहर के छोटे दुकानदारों पर आ जाएगा संकट

# शहर में शुरू होने जा रहे डी-मार्ट के खिलाफ व्यापारियों में गुस्सा, सांकेतिक आत्महत्या

- विदिशा के व्यापारी तीन दिन से कर रहे हैं प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

### व्यापारियों का गुस्सा थम नहीं रहा

शहर में खुलने जा रहे डीमार्ट से छटपटाए दुकानदारों का गुस्सा कम होने की जगह बढ़ता ही जा रहा है। शहर के डिस्ट्रीब्यूटर ऐसोसियेशन के बैनर तले आज गुरुवार को आत्महत्या करने का सांकेतिक प्रदर्शन किया। अब देखने वाली बात होगी कि प्रशासन व्यापारियों की इस चेतावनी और प्रतीकात्मक फांसी जैसे कड़े प्रदर्शन को कितनी गंभीरता से लेता है, और क्या उनकी मांगों पर कोई ठोस निर्णय लिया जाता है या नहीं।

डिस्ट्रीब्यूटर संगठन के बैनर तले व्यापारी लगातार तीसरे दिन धरने पर बैठे हैं। इन व्यापारियों का आरोप है कि शहर में खुलने वाला डी-मार्ट और बड़े शॉपिंग मॉल उनकी रोजी-रोटी पर सीधा हमला हैं। आज विरोध को और तेज करते हुए व्यापारियों ने धरना स्थल पर गले में फांसी का फंदा डालकर सांकेतिक आत्महत्या का प्रदर्शन किया। व्यापारियों का कहना है कि अगर डी-मार्ट जैसे बड़े संस्थान खुले, तो छोटे दुकानदारों का अस्तित्व खतरे में पड़ जाएगा। ई-कॉमर्स कंपनियों और बड़े रिटेल स्टोर्स के बढ़ते दबदबे से पहले ही व्यापार प्रभावित है और अब डी-मार्ट के आने से हालात और बिगड़ेंगे। व्यापारियों ने प्रशासन से साफ शब्दों में मांग की है कि शहर में डी-मार्ट को खोलने की अनुमति न दी जाए। ऐजेंसी संचालक नरेंद्र धनवानी का कहना है कि "डी-मार्ट और बड़े मॉल खुलने से छोटे व्यापारी पूरी तरह खत्म हो जाएंगे। सरकार और प्रशासन को छोटे व्यापारियों की चिंता करनी चाहिए, वरना हम मजबूर होकर आंदोलन और तेज करेंगे।



विदिशा। डीमार्ट के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए विदिशा नगर के व्यापारीगण।

### डिस्ट्रीब्यूटर और व्यापारी कर रहे हैं आंदोलन

पावर डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन के महामंत्री नरेंद्र धनवानी ने बताया 3 दिनों से जारी प्रदर्शन कब तक चलेगा यह अनिश्चितता बनी हुई है। इस प्रदर्शन को समाप्त कराने के लिए कोई नजर नहीं आ रहा है। व्यापारियों का कहना है कि वे सांसद और विधायक से अपनी मांग को केंद्र सरकार तक पहुंचाने की मांग कर रहे हैं। चौथे दिन शुक्रवार को ग्राहकों से संवाद करेंगे और फिर शनिवार को डीमार्ट की अर्थी निकालेंगे।

व्यापार उद्योग संगठन के प्रदेशाध्यक्ष राजेश जैन का कहना है कि हम रोजगार देने वाले लोग हैं, लेकिन आज खुद बेरोजगारी की कगार पर खड़े हैं। हमारी मांग है कि डी-मार्ट को विदिशा में खुलने से रोका जाए। धरना प्रदर्शन में विदिशा नगर के व्यापारी बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं।

# कृष्णाधाम कॉलोनी में चोरी करने वाले धराए



हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कृष्णाधाम कॉलोनी जतरापुरा में हुई चोरी की दो वारदातों को अंजाम देने वाले चोरों को माल सहित कोतवाली पुलिस ने धरदबोचा है। कोतवाली टीआई आनंद राज के अनुसार कृष्णाधाम कॉलोनी में रह रहे विनोद पाल अपने पिता फूल सिंह पाल के निधन होने पर घर सूना छोड़कर ग्राम सेऊ परिवार सहित गये तो चोरों ने उनके घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। घटना 28-29 जनवरी की रात की है। चोरों ने नगदी सहित सोने चांदी के जेवरों पर हाथ साफ किया था। चोरों ने सोने चांदी के जेवरों सहित 90 हजार रुपये नकदी चोरी किये थे। विनोद खबर मिलते ही घर पहुंचे तब बिखरा हुआ सामान देखकर वारदात का पता चला।

### 3 चोरों से दो कार सहित चोरी का माल बरामद

कोतवाली टीआई आनंद राज के अनुसार पकड़े गए आरोपियों में शिवम शर्मा पिता महेश शर्मा, उम्र 24 वर्ष निवासी तलैया मोहल्ला, विदिशा हरिनारायण पंथी पिता गोरेलाल पंथी उम्र 47 वर्ष, निवासी बरईपुरा चौराहा विदिशा सहित आर्यन कटारे पिता चंद्रकांत कटारे उम्र 22 वर्ष निवासी बंटी नगर शामिल हैं। आरोपियों द्वारा सोने का मंगलसूत्र, तीन छोटे पेंडल, सोने की गुरिया, कान के झाले एवं ताबीज, चांदी की पायल (एक जोड़ी) पांच चांदी के सिक्के, एलईडी टीवी एवं 90,000 नगदी की चोरी की गई। दूसरी घटना 19 जनवरी 2026 को बरईपुर हनुमान मंदिर के पास स्थित सूने मकान से सोने के 15 मोती, 5,000 नगदी की चोरी की घटना को अंजाम दिया गया था।

# नारांतक वध हुआ-विदिशा की ऐतिहासिक रामलीला में आज होगा श्रीराम द्वारा लंकापति रावण का अंत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

बेतवा तट पर 125 वर्षों से निरंतर चल रही ऐतिहासिक रामलीला में आज शुक्रवार को प्रभू श्रीराम के द्वारा बुराई लंकापति रावण का वध किया जाएगा। गुरुवार को नारांतक वध की लीला का मंचन हुआ। रामलीला के सचिव डॉ अनिल शर्मा के अनुसार रावण वध लीला में इस बार फायर शो विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। इंदौर, भोपाल और विदिशा की आतिशबाजी का प्रदर्शन करीब 1 घंटे तक चलेगा। हर बार रामलीला में रावण के पुतला 41 फिट की ऊंचाई वाला रहता था लेकिन इस बार 10 फिट ऊँचाई बढ़ाकर 51फिट का पुतला भोपाल के संजय धानक ने बनाया है। भगवान श्रीराम जी द्वारा अग्निबाण का संधान कर रावण के पुतले का दहन किया जाएगा। जिसमें नाभिचक्र चलेगा और मुहं व आंख से ज्वाला निकलेगी। शुक्रवार की रात करीब 9 बजे आतिशबाजी शुरु हो जाएगी। आतिशबाजी देखने के लिए शहर से लेकर दूरदराज के गांवों से बड़ी संख्या में दर्शक रामलीला पहुंचेंगे। एसपी रोहित काशवानी ने एक दिन पहले बुधवार को ही रामलीला पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। साथ ही रामलीला देखने के लिए पहुंचने वाली भीड़ और दर्शकों को परेशानी न हो इसके इंतजामों का बारीकी से परीक्षण किया। गुरुवार को लीला में



बताया गया कि रावण के पास जब कोई योद्धा नहीं बचा तो उनके मंत्री ने बताया कि मूलों की अभुक्त घड़ी में नारांतक का जन्म हुआ था। नारांतक और सुग्रीम पुत्र दधिबल की शिक्षा गुरु शुक्राचार्य ने संपन्न कराई थी। रणभूमि में नारांतक और दधिबल की सेनाएं आमने सामने हो गईं। नारांतक को कोई परास्त नहीं कर पाया। तब दोनों सेनाएं वापस चली गईं। पुनः नारांतक युद्ध करने आया तो प्रभू श्रीरामा ने एक ही बाण से नारांतक तक वध कर दिया। शुक्रवार को रावण वध लीला होगी।

### रामलीला में आज परिवर्तित रहेंगे मार्ग

**विदिशा।** आज रामलीला मेला में रावण दहन के चलते जतरापुरा पुरानी मंडी में वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। शाम 4 बजे से रावण दहन तक दो पहिया, तीन पहिया एवं चार पहिया एवं समस्त भारी वाहनों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा। अशोकनगर, गुना से भोपाल की ओर जाने वाले समस्त वाहन भारी वाहन ढोलखेड़ी से बैरसिया होते हुए भोपाल जाएंगे। भोपाल, सागर से अशोकनगर जाने वाले समस्त भारी वाहन ओलंपस स्कूल के सामने से ढोलखेड़ी होते हुए जाएंगे। विवेकानंद चौराहा से रामलीला, ढोलखेड़ी की ओर जाने वाले समस्त प्रकार के तीन पहिया चार पहिया वाहन महलघाट, मीणा धर्मशाला होते हुए ढोलखेड़ी की ओर जाएंगे। ढोलखेड़ी से विदिशा आने वाले वाहन मीणा धर्मशाला से महलघाट होते हुए जाएंगे। पुरानी गल्ला मंडी, जतरापुरा की ओर से आने वाले पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे।

# अंग्रेज अधिकारी की कब्र पर अतिक्रमण लोगों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ग्यारसपुर में बसस्टैंड स्थित थाना परिसर के सामने बनी एक अंग्रेज अधिकारी की कब्र पर अतिक्रमण का मामला एक बार फिर सामने आया है। स्थानीय दुकानदारों द्वारा कब्र के ऊपर अवैध रूप से कब्जा कर सामग्री रखने से क्षेत्र में नाराजगी का माहौल है।

इस संबंध में ग्रामीण रामदयाल कोरी ने अतिक्रमण हटाने की मांग को लेकर एसडीएम को खसरा व नक्शा सहित आवेदन सौंपा है। बताया गया है कि ग्यारसपुर बसस्टैंड पर स्थित यह कब्र लगभग 163 वर्ष पुरानी है जो मध्य प्रदेश शासन की शासकीय भूमि पर स्थित है। इसके बावजूद स्थानीय दुकानदारों द्वारा कब्र के ऊपर ईंटें, हाथ ठेला और अन्य सामान रखकर खुलेआम अतिक्रमण किया जा रहा है। हालात ऐसे हैं कि कब्र के ऊपर दिनभर अफरा-तफरी बनी रहती है, जिससे दफन व्यक्ति की आत्मा के साथ भी नाइंसाफी हो रही है।



शिकायतकर्ता रामदयाल कोरी ने बताया कि यह कब्र ऐतिहासिक धरोहर है और शासकीय भूमि पर स्थित होने के कारण इसका संरक्षण प्रशासन की जिम्मेदारी है। उन्होंने मांग की है कि अवैध अतिक्रमण तत्काल हटाया जाए और कब्र को सुरक्षित कर उसका विधिवत संरक्षण किया जाए। इस संबंध में एसडीएम शशि मिश्रा का कहना मुझे जानकारी नहीं है अभी मुझे जानकारी मिली है कब्र के आसपास से अतिक्रमण जल्द ही हटवा दिया जाएगा अगर अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की जाएगी।

# उर्वरक के लिए ई-टोकन अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

ई-टोकन उर्वरक वितरण के लिए अब अब 1 अप्रैल से फार्मर आईडी अनिवार्य कर दिया गया है।

इस नई प्रणाली के अंतर्गत उर्वरक प्राप्त करने के लिए कृषकों के पास फार्मर आईडी का होना अत्यंत आवश्यक है। प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि एक अप्रैल 2026 से बिना फार्मर आईडी के किसी भी किसान को उर्वरक का वितरण नहीं किया जाएगा। अतः सभी किसानों से आग्रह है कि वे अपनी फार्मर आईडी समय रहते तैयार करवा लें। जिन किसानों की फार्मर आईडी में उनके सभी खसरे, सर्वे नंबर दर्ज नहीं हैं वे तत्काल संबंधित जानकारी अपडेट करवाएं। जिन कृषकों की भूमि विभिन्न विकासखंडों या अन्य जिलों में स्थित है वे भी अपने सभी सर्वे नंबरों को एक ही फार्मर आईडी से लिंक कराएं। ताकि भविष्य में उर्वरक प्राप्ति या अन्य कृषिगत प्रक्रियाओं में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। आगामी खरीफ मौसम से विभिन्न शासकीय कृषिगत योजनाओं का लाभ लेने के लिए भी फार्मर आईडी का उपयोग अनिवार्य किया जा रहा है। समर्थन मूल्य पर फसल विक्रय हेतु ई-उपार्जन पोर्टल पर किसान पंजीयन, बोई गई फसल का सत्यापन तथा एग्रीस्टेक से जुड़ी अन्य प्रक्रियाएं भी फार्मर आईडी के माध्यम से ही संपन्न की जाएंगी। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे अपने सभी सर्वे नंबर दर्ज कर शीघ्र फार्मर आईडी बनवाएं एवं अपडेट कराएं।

# भिक्षावृति: बच्चों के परिजनों को समझाकर, सुपुर्द किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

बाल भिक्षावृत्ती रोकथाम अभियान भिक्षावृत्ती करते पाये गये बच्चों को बाल कल्याण समिति में प्रस्तुत किया गया।

भिक्षावृत्ती रोकथाम अभियान के तहत गुरुवार को दुर्गानगर चौराहा से 1 बच्चा एवं बसस्टैण्ड विदिशा से 2 बच्चों को टीम द्वारा पकड़ा गया। पूछताछ करने पर बताया गया कि तीनों बच्चे सलामतपुर के हैं। भिक्षावृत्ती करते पाये गये सभी बच्चों को बाल कल्याण समिति विदिशा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। समिति ने बच्चों के परिजनों से संपर्क कर




समिति मे बुलाया गया। परिजनों को समझाईस दी गईं कि भिक्षावृत्ती करना एवं कराना अपराध है। सभी को समझाईस देकर सुपुर्द किया गया। महिला एवं बाल विकास से अनुज कुमार जैन, संतोष रघुवंशी, राजीव कौल और विशेष किशोर पुलिस इकाई से आरक्षक ममता चौहान ने बच्चों को भिक्षावृत्ती करते हुए पकड़ा गया।

# रिटायर कर्मचारियों को पेंशन आदेश देकर किया सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने सेवानिवृत्त अधिकारी, कर्मचारियों को सम्मानित किया है। सम्मान कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट के जनसुनवाई कक्ष में आयोजित किया गया था।

कलेक्टर गुप्ता ने सौजन्य परिचय प्राप्त करते हुए आग्रह किया कि शासकीय दायित्वों के निर्वहन उपरांत अपने अनुभवों का सामाजिक उत्थान कार्यों में सहयोगप्रद करें। उन्होंने सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को स्वस्थ्यवर्धक बने रहने की शुभकामनांए अभिव्यक्त की है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने सेवानिवृत्त हुए 21 अधिकारी, कर्मचारियों को पीपीओ का वितरण कर स्मृति चिन्ह भेट करते हुए माला पहनाकर सम्मानित किया है। इस अवसर पर जिला कोषालय अधिकारी राजीव जैन, जिला पेंशन अधिकारी रूपेन्द्र सिंह मरावी, सहायक कोषालय अधिकारी कैलाश चक्रवर्ती, सहायक पेंशन अधिकारी सोनम रघुवंशी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

जिला पेंशन अधिकारी मरावी ने बताया कि जिले के विभिन्न विभागों में दिसम्बर माह में कुल 32 अधिकारी, कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए हैं। जिसमें से 27 को पीपीओ जारी हुए थे उनमें से 21 अधिकारी-कर्मचारी सम्मान समारोह कार्यक्रम में उपस्थित हुए। सेवानिवृत्त कर्मचारियों के उक्त सम्मान समारोह में सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारी उनके परिजन तथा जिला पेंशन कार्यालय के जावेद खॉन समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### राज्यकीय सम्मान से विदा हुए देहदानी नाथूराम जाटव

# शासकीय मेडिकल कॉलेज में हुआ 28वां देहदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विकास पचौरी फाउंडेशन द्वारा चलाए जा रहे देहदान नेत्रदान एवं रक्तदान की जागरूकता मिशन के चलते बीते गुरुवार को विदिशा मेडिकल कालेज में मुखर्जीनगर विदिशा निवासी देहदानी स्व. नाथूराम जाटव के मृत शरीर की देहदान प्रक्रिया पूरी की गई। अब विदिशा मेडिकल कॉलेज में दान किए गए पार्थिव शरीरों की कुल संख्या 28 हो गई है। नाथूराम जाटव ने विकास पचौरी के देहदान



अभियान से प्रेरित होकर देहदान का की वसीयत लिखी थी। बीते दिवस उनके निधन के बाद गुरुवार को अटल बिहारी मेडिकल कॉलेज विदिशा में मृत शरीर को दान कर दिया। देहदान के पूर्व जिला प्रशासन द्वारा देहदानी नाथूराम जाटव के पार्थिव शरीर को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा अर्पित किया गया और उनके सम्मान में परिजनों सहित स्टॉप की उपस्थिति में पुलिस बल द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर श्रद्धांजलि दी गई।

### मेडिकल कॉलेज एनाटॉमी हाल में श्रद्धांजलि सभा

डॉ सुनील किरार ने बताया कि देहदान के समय मेडिकल कॉलेज के एनाटॉमी हाल में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन हुआ। जिसमें डीन मनीष निगम, एनाटामी विभागाध्यक्ष डॉ रश्मि देवपुजारी सहित एनाटामी विभाग के डॉक्टर एवं मेडिकल स्टाफ सहित परिजन व अन्य लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। समाजसेवी विकास पचौरी ने बताया कि देहदान संकल्प प्रक्रिया पूर्णता निशुल्क है। संकल्प लेने वाले को सिर्फ आधार कार्ड पासपोर्ट साइज फोटो



लाना आवश्यक है। शेरपुरा विदिशा स्थित सेवा घर में आकर यह संकल्प प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-6010
सरसों
न्यूनतम भाव-4000
उच्चतम भाव-7090
चना
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-5742
मसूर
न्यूनतम भाव-5500
उच्चतम भाव-6061
ज्वार
न्यूनतम भाव-1440
उच्चतम भाव-6701
मक्का
न्यूनतम भाव-1200
उच्चतम भाव-1550
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2200
उच्चतम भाव-3445
धान
न्यूनतम भाव-1450
उच्चतम भाव-4355
बटरी
न्यूनतम भाव-3830
उच्चतम भाव-3830
उड़द
न्यूनतम भाव-5200
उच्चतम भाव-6910
गेहूं
न्यूनतम भाव -2249
उच्चतम भाव- 3075
धनिया
न्यूनतम भाव-9450
उच्चतम भाव-9450

### कृषि मण्डी में हुई आवक

**गंज बासौदा।** कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि मण्डी में 10077 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# देर रात्रि से अल सुबह तक दिखाई दिया घना कोहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



विगत दो दिनों तक नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में रूक रूककर हल्की बूंदाबांदी होने के बाद भी आसमान पर बादल छाए रहे और सर्द हवाओं के चलते तापमान में गिरावट बनी हुई है। जिससे लोगों को दिन में भी ठिठुरन का अहसास होता रहा। बुलवार को देर रात्रि से लेकर अल सुबह तक इलाके भर में घना कोहरा देखा गया। घने कोहरे के कारण विजीविलिटी बहुत कम होने के चलते वाहनों के थोड़े आगे की सड़क भी साफ, दिखाई नहीं दे रही थी। सुबह के समय भी दो पहिया, चार पहिया एवं अन्य वाहन चालक वाहनों की हेड लाइट जलाकर वाहन चलाते देखे गए। तेज सर्दी के कारण नगर सहित ग्रामीण अंचलों में लोग अलाव का सहारा एवं गर्म कपड़े पहनने को मजबूर हैं। दूसरी ओर इलाके के मौसम का हाल बताने वाली वेबसाइटों ने आगामी दिनो में तापमान में गिरावट बनी रहने के संकेत दिए हैं। वेबसाइटों के अनुसार आगामी 9 फरवरी तक इलाके का न्यूनतम तापमान 9 से 11 डिग्री सेल्सियश और अधिकतम तापमान 26 से 28 डिग्री सेल्सियश तक बना रह सकता है।


## सिटी पुलिस थाने पहुंचकर दोनों पक्षों ने कराए मामले दर्ज

# देर रात दो गुटों में हुआ विवाद, बाइक को लगाई आग, चले चाकू, लाठियां

वाहरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा







बुधवार को रात्रि 11 बजे त्योंदा रोड पर दो गुटों के बीच हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। इस दौरान जमकर मारपीट हुई और एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की एक बाइक में आग लगा दी। विवाद की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आग को बुझाया, लेकिन आरोपी फरार हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह विवाद लगभग 15 मिनट तक चला, जिसमें दोनों गुटों के सदस्यों ने चाकू, लाठी-डंडों का इस्तेमाल किया। मारपीट के बाद सड़क पर खड़ी एक बाइक को आग लगा दी गई, जिससे वह धू-धू कर जलने लगी। उक्त मामले में चार लोगों को आरोपी बनाया गया है जबकि विवाद के दौरान लगभग एक दर्जन युवक हाथों में लाठी, चाकू लेकर दौड़ते दिखाई दे रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही शहर पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल नगर पालिका की फायर ब्रिगेड को बुलाया, जिसने बड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही मारपीट करने वाले युवक घटना स्थल से भाग निकले। यह पूरा घटनाक्रम रात करीब 12 बजे तक सड़क पर चलता रहा।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, यह मामला वार्ड क्रमांक 9 और वार्ड क्रमांक 4 के दो गुटों के बीच का बताया जा रहा है। शहर थाना निरीक्षक संजय वेदिया ने मौके पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू की। उन्होंने पुलिस जवानों को उपद्रव मचाने वाले युवकों की तलाश करने के निर्देश दिए हैं। बाइक में आगजनी की घटना से पूरे शहर में चर्चा का विषय बन गया है। पुलिस सुरक्षा की दृष्टि से सक्रिय हो गई है और फरार आरोपियों की तलाश जारी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त विवाद पुरानी रंजिश को लेकर हुआ जिसमें गाली, गलौंज के दौरान मामले ने तूल पकड़ा और विवाद ने बड़ा रुप ले लिया। एक पक्ष के फरियादी सोनू बाल्मीकि उम्र 36 वर्ष निवासी पूर्वी रेल्वे कालौनी की रिपोर्ट पर सिटी थाना पुलिस ने आरोपी निब्बू उर्फ देवी अहिरवार उम्र 29 वर्ष निवासी रविदास कालौनी के विरुद्ध धारा 296 (बी), 115(2),118 (1), 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष के फरियादी निब्बू उर्फ देवीराम की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी आकाश बाल्मीकि, जितेन्द्र, सोनू सरपंच के विरुद्ध धारा 296 (बी), 115(2), 118 (1), 351 (3),226 (एफ), (3)(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। रात्रि को घटित हुई घटना के बाद आग में जली सड़क किनारे जली अवस्था में पड़ी बाइक को देखने लोगों की भीड़ जुटी रही और विवाद के बारे में कयास लगाते रहे।

# डिब्बे बढ़ने से यात्रियों को मिली राहत




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

भोपाल-बीना रेलखंड पर रोजाना सफर करने वाले हजारों यात्रियों के लिए रेलवे ने बड़ी राहत दी है। लंबे समय से भीड़ और अव्यवस्था की शिकायतों के बाद भोपाल-बीना मेमू पैसेंजर ट्रेन में कोचों की संख्या बढ़ा दी गई है। अब तक 8 कोच के साथ चल रही यह मेमू ट्रेन अब 12 कोच के साथ संचालित हो रही है। यह निर्णय यात्रियों की लगातार मांग को देखते हुए लिया गया। कोच बढ़ने का सीधा लाभ विदिशा, गुलाबगंज, गंज बासौदा, बरेठ, कुल्हार, मंडी बामोरा सहित बीना और आसपास के स्टेशनों के यात्रियों को मिला है। खासकर सुबह-शाम अप-डाउन करने वाले नौकरीपेशा कर्मचारी, छात्र, छोटे व्यापारी और ग्रामीण क्षेत्र के यात्री इस फैसले से राहत महसूस कर रहे हैं। भोपाल-बीना मेमू पैसेंजर इस रेलखंड की जीवनरेखा मानी जाती है। सीमित कोच होने के कारण हालात इतने बिगड़ चुके थे कि यात्रियों को दरवाजों पर लटककर सफर करना पड़ता था। सोमवार, शुक्रवार और त्योहारों के दिनों में स्थिति और भी भयावह हो जाती थी। महिलाओं, बुजुर्गों और छात्रों को बैठने तक की जगह नहीं मिलती थी। इससे हादसों का खतरा बना रहता था। लेकिन अब बोगियों की संख्या बढ़ने से छोटे स्टेशनों के और कम दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को राहत मिल गई है।

## वार्ड 15 में जीरो वेस्ट की पहल शुरु




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर पालिका ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए वार्डों में कार्यशालाएं शुरू की हैं। इसी कड़ी में वार्ड क्रमांक 15 को जीरो वेस्ट वार्ड बनाने के लिए विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को घर-घर कचरा प्रबंधन के प्रति जागरूक करना रहा। नपा के पूर्व स्वास्थ्य अधिकारी राजेश कुमार नेमा ने नागरिकों को सूखा और गीला कचरा अलग करने की विधि बताई। कंपोस्ट पिट की संरचना और उपयोग की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घरों से निकलने वाला गीला कचरा कंपोस्ट पिट में डालकर प्राकृतिक खाद बनाई जा सकती है। इससे कचरे की मात्रा घटती है। तैयार खाद पौधों, बगीचों और किचन गार्डन के लिए उपयोगी होती है। अधिकारियों ने नागरिकों से अपील की कि वे घरों में सूखा और गीला कचरा अलग रखें। गीले कचरे से खाद बनाएं। नगर पालिका के स्वच्छता अभियानों में भाग लें। इससे वार्ड ही नहीं, पूरा शहर स्वच्छ और पर्यावरण के अनुकूल बनेगा। कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी रवि प्रकाश श्रीवास्तव, स्वच्छता नोडल अधिकारी नरेंद्र सिंह चौहान, स्वच्छता सर्वेक्षण प्रभारी सहज तेनगुरिया, फीडबैक से भारत कांत द्विवेदी और उनकी टीम, आईईसी गतिविधि समन्वयक, आवरण सोशल वेलफेयर सोसाइटी से अभिषेक शर्मा सहित स्वच्छता अमला मौजूद रहा। नागरिकों से संकल्प दिलाया गया कि वे नियमित रूप से कचरा पृथक्करण करेंगे और जीरो वेस्ट वार्ड की संकल्पना को साकार करेंगे।

## खबर संक्षेप

### बिजली हो रही गुल

**गंजबासौदा।** इन दिनों नगर सहित ग्रामीण अंचल में बगैर सूचना के बार बार बिजली गुल हो रही है। जिससे विद्युत उपभोक्ताओं को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ा रहा है। बुधवार को भी पचमा बायपास क्षेत्र में कई बार बिजली प्रदाय बंद रहा।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज




**गंजबासौदा।** फरियादिया निवासी ग्राम गंज ने देहात थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके पति सिद्धांत और सास दहेज की मांग करते हुए उसके साथ मारपीट करते हैं। फरियादिया की रिपोर्ट पर देहात थाना पुलिस ने आरोपी पति और सास के विरुद्ध भादंवि की धारा 498 के तहत दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# उत्कृष्ट विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




गुरुवार को शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में में साक्षी प्रसाद प्रथम व्यवहार न्यायाधीश गंजबासौदा, निशांत देव अधिवक्ता, विशाखा तिवारी अधिवक्ता, अमित शर्मा पैरालीगल वॉलिंटियर्स उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष सभी अतिथियों द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। प्राचार्य एमसी शर्मा द्वारा सभी अतिथियों का पुष्पगुच्छ से स्वागत किया गया। साक्षी प्रसाद न्यायाधीश ने विद्यार्थियों को मौलिक अधिकार ,मौलिक कर्तव्य और कानून के महत्व की जानकारी दी, साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों को विधि के क्षेत्र में करियर के बारे में जानकारी प्रदान की।

निशांत देव एवं विशाखा तिवारी अधिवक्ता ने साइबर अपराध के कारण और उससे बचने के उपाय के बारे में बताया। अमित शर्मा ने बाल स्वास्थ्य अधिकार एवं हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में जानकारी दी एवं राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1500 पर कॉल कर विधि परामर्श लिया जा सकता है के बारे में बताया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश ओझा ने एवं आभार एम सी शर्मा ने व्यक्त किया। इस मौके पर समीक्षा जैन, भारती पंथी, प्रीति सक्सेना, प्रीति चतुर्वेदी, मनीषा कुशवाहा, पंकज दुबे आदि उपस्थित रहे।

### दो पक्षों के विवाद में वाहनों में हुई तोड़फोड़

**गंजबासौदा।** गुरूवार की दोपहर महाराणा प्रताप चौक पर दो पक्षों में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। यह विवाद इतना बढा कि एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के लोगों के एक चार पहिया वाहन के कांच फोडकर उसे बुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं इसी झगडे में एक स्कूटी में भी जमकर तोडफोड की गई। जिससे वह भी क्षतिग्रस्त हो गई। हांलाकि इस मामले में थाने में शिकायत करने की जानकारी नहीं मिली है। लेकिन खुलेआम मारपीट और तोडफोड की घटनाओं से नगर में पुलिस की सक्रियता पर सवाल खडे हो रहे हैं और नागरिकों में सुरक्षा को लेकर संशय बढ रहा है।

### पचमा बायपास मार्ग पर देर तक लगा रहा जाम



**गंजबासौदा।** गुरुवार को दोपहर के समय एवं शाम के समय नगर के व्यवस्तम पचमा बायपास मार्ग पर डंपर एवं ट्रक के फंस जाने से जाम लग गया। जिससे पचमा बायपास मार्ग पर दो पहिया, चार पहिया, बस, ट्रक, डंपर आदि की लंबी लंबी कतारें लगी रहीं। वाहन चालक जाम हटने के इंतजार में देर तक परेशान होते रहे। शाम के समय यातायात पुलिस ने मोर्चा संभाला और जाम को हटवाया तब कहीं वाहनों की आवाजाही सुचारु रुप से शुरु हो सकी। यहां उल्लेखनीय है कि पचमा बायपास मार्ग पर यातायात का सर्वाधिक दबाव रहता है। इस मार्ग से प्रतिदिन भोपाल, विदिशा, गुलाबगंज सहित अन्य स्थानों के लिए सैकड़ों दो पहिया, चार पहिया एवं भारी वाहनों की आवाजाही होती है।

## व्यक्तिगत विकास पर कार्यशाला का हुआ आयोजन

# स्वयं को निखारने के लिए आत्मविश्वास पहली सीढ़ी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सेमरी के भारत रत्न डा एपीजे अब्दुल कलाम सभाकक्ष मे व्यक्तिगत विकास (Personal Development) स्वयं को बेहतर बनाने, प्रतिभा निखारने, कौशल बढ़ाने के लिऐ कार्य शाला का आयोजन किया गया। ताकि युवा वर्ग, विद्यार्थी श्रेष्ठ एवं जिम्मेदार नागरिक बन सके। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता प्रखर राष्ट्रवादी विचारक चिंतक योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने बताया कि व्यक्तिगत विकास के लिऐ आत्मविश्वास पहली और महती सीढी है। बिना आत्मविश्वास हम कोई भी कार्य पूर्ण नही कर सकते। साक्षरता समन्वयक महेंद्र सिंह ठाकुर ने बताया व्यक्तिगत विकास से हम आत्म-जागरूकता, अनुशासन, स्वास्थ्य और करियर से संबंधित आदतों को सकारात्मक रूप से बदल सकते है , ताकि व्यक्ति अपनी पूरी क्षमता का उपयोग करके व्यक्तिगत और पेशेवर लक्ष्यों को प्राप्त कर सके। मेंटर अनुज दांगी ने व्यक्तिगत विकास के प्रमुख पहलू और चरण समझाऐ। उन्होने बताया आत्म-जागरूकता ,अपनी खूबियों और कमियों को पहचानना ही विकास की पहली सीढ़ी है। लक्ष्य निर्धारण स्पष्ट, मापने योग्य और समयबद्ध अल्पकालिक व दीर्घकालिक लक्ष्य निर्धारित करें। कौशल विकास नई चीजें सीखें, जैसे संचार कौशल, भावनात्मक बुद्धिमत्ता और तकनीकी ज्ञान। विकास लोधी ने बताया मानसिकता में सुधार ,सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाएं, नकारात्मक विचारों को छोड़ें और जिम्मेदारी लें। दिनचर्या में बदलाव, सुबह के समय ध्यान, मौन, योगा या सकारात्मक कथन को शामिल करें। गोपी कुशवाह ने समझाया समय प्रबंधन समय का सदुपयोग करना और कार्यों को प्राथमिकता देना। विकास के लिए स्वस्थ दिनचर्या, सुबह जल्दी उठना और रात को अच्छी नींद लेना। डायरी लेखन , अपने विचारों और भावनाओं को लिखकर समझना। निरंतर सीखना, पुस्तकें पढ़ें, कार्यशालाओं में भाग लें और मेंटर की मदद लें। मदद मांगना, सफलता के लिए सहकर्मियों या मित्रों से सहायता मांगने में संकोच न करें। व्यक्तिगत विकास का उद्देश्य खुद को एक बेहतर, अनुशासित और अधिक कुशल इंसान बनाना है, जिससे जीवन के उतार-चढ़ाव का आत्मविश्वास से सामना किया जा सके ।

### डबरी में फिसलकर गिरा बच्चा, डूबने से मौत

**गंजबासौदा।** गत दिवस ग्राम कुल्हार में बुधवार दोपहर दर्दनाक हादसा हो गया। बिजासन माता मंदिर के सामने स्थित डबरी में 10 साल का अमन कपूर खेलते समय गिर गया। पानी में डूबने से उसकी मौत हो गई। अमन दो अन्य बच्चों के साथ खेलते हुए डबरी के पास पहुंचा था। तीनों बच्चे डबरी की मेंड पर चल रहे थे। अचानक अमन का पैर फिसला और वह पानी में गिर गया। डबरी में पानी भरा था। अमन को तैरना नहीं आता था। वह बाहर नहीं निकल सका। घटना देखकर साथ मौजूद बच्चे घबरा गए। दौड़ते हुए घर पहुंचे और डरते-डरते अपने परिजनों एवं ग्रामीणों को पूरी बात बताई। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। ग्रामीणों की मदद से अमन को बाहर निकाला गया।

उसे तुरंत शासकीय अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। एएसआई राधेश्याम यादव ने बताया, पंचनामा बनाकर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। इसके बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। मार्ग कायम कर जांच शुरू की गई है।

# नि:शुल्क नेत्र शिविर में हुई 322 मरीजों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




मंगलवार को स्थानीय मिल रोड स्थित सद्गुरु विजन सेंटर पर स्वर्गीय नारायण सदाशिव पिंगले सेवा संस्थान के सुनील बाबू पिंगले की उपस्थिति में निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर सेवा दिवस क्ने रूप में मनाया गया। उपरोक्त शिविर मानव सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सेवा संस्थान प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. ऐके जैन क्ने मुख्य अतिथि क्ने रूप में एवं संगठन क्ने जिला अध्यक्ष गणेश राम रघुवंशी की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। जिसमें दोनों अतिथियों ने कहा कि ट्रस्ट द्वारा लगातार ग्रामीण एवं शहर में मोतियाबिन्द शिविर लगाए जा रहे हैं। जिसमे हजारों नेत्र रोगियों को लाभ मिल रहा है। उन्होंने ट्रस्ट की सराहना की। शिविर में डॉ. राजकरण वर्मा एवं डॉ सौरभ शर्मा ने 322 से अधिक मरीजों की नेत्र जांच की और नेत्र रोगों से बचाव के उपाय बताए। 93 से अधिक मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गए। शिविर में जिनको भी मोतियाबिंद की शिकायत मिली उनको भी ऑपरेशन क्ने लिए आनंदपुर भेजा गया। कैंप प्रभारी वर्मा के निर्देशन में काउंसलिंग टीम के द्वारा 35 चश्मों का वितरण किया। ट्रस्ट ने 149 मरीजों को दवाइयां वितरित की गईं, 45 मरीजों के चश्मे के नंबर निकाले गए। मरीजों की बीपी और शुगर जांच भी की गई। शिविर सहयोगी सुनील बाबू पिंगले ने बताया कि ऐसे नेत्र शिविर ट्रस्ट के रवि उपाध्याय के मार्गदर्शन में और सद्गुरु स्वर्गीय रणछोड़दास महाराज की कृपा से शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में निरंतर लगाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में डॉ. एके जैन, डॉ राजकरण वर्मा, जगदीश अग्रवाल, रामकुमार शर्मा, सुरेंद्र भारद्वाज, हेमंत भंडारी, सेवादार साहूजी, संजीव शर्मा सहित कई समाजसेवी उपस्थित रहे। सभी ने कहा कि नेत्ररोगियों की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। कार्यक्रम में और सरदार सिंह सिसोदिया ने सहयोग दिया। कार्यक्रम के अंत में सुनील बाबू पिंगले ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में भी निःशुल्क नेत्र शिविर लगाए जाएंगे।

## खबर संक्षेप

### श्रीमद् भागवत कथा सुनने के लिए उमड़ा भक्तों का जनसैलाब

**ग्यारसपुर।** सुआखेडी जिंद महाराज के पावन सान्निध्य में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का भावपूर्ण समापन श्रद्धा और भक्ति के अद्भुत वातावरण में संपन्न हुआ। कथा के सातों दिवसों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा और भक्तों ने भगवान की मंगलमय कथा को सुना। वृंदावन से पधारे आचार्य सुरेंद्र जी महाराज ने अपनी मधुर वाणी में श्रीमद् भागवत कथा का भावपूर्ण वर्णन करते हुए जीव और ब्रह्म के संबंध को भगवान और भक्त के पवित्र रिश्ते से जोड़कर समझाया। उनके ओजस्वी प्रवचनों ने श्रोताओं के हृदय को भाव-विभोर कर दिया। कथा के दौरान सुदामा जी की जीवंत झांकी के दर्शन कर श्रद्धालु सजल नेत्रों से भावुक हो उठे। आचार्य श्री ने कहा कि "भगवान की कथा कभी पूर्ण नहीं होती यह तो केवल विश्राम लेती है।" कथा के अंतिम दिवस पर परीक्षित मोक्ष की मंगलमय कथा का वर्णन किया गया, जिसे सुनकर समस्त वातावरण भक्ति रस में डूब गया। इस अवसर पर संत श्रीरामदास त्यागी जी महाराज द्वारा विधिवत व्यास पूजन किया गया। वहीं वृंदावन से आए कलाकारों द्वारा प्रस्तुत फूलों की होली ने श्रद्धालुओं को आनंद और भक्ति के रंगों से सराबोर कर दिया।

### सिरोंज की बेटी उर्दू के क्षेत्र में सिरोंज का नाम कर रही रोशन

# जश्न-ए-उर्दू में श्रीकृष्ण और बुआ कुंती का स्तुति ने किया जिक्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी संस्कृति परिषद और संस्कृति विभाग के संयुक्त तत्वाधान से भोपाल में चार दिवसीय महोत्सव जश्ने उर्दू का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आत्मबोध से विश्वबोध की अवधारणा पर आधारित रहा।

सिरोंज की युवा साहित्यकार स्तुति अग्रवाल ने एक सत्र चिलमन का संचालन किया और आत्मबोध से विश्वबोध पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आत्मा और परमात्मा के बीच एक छीना सा पर्दा पड़ा हुआ है। इस पर्दे को गिराना एक मुश्किल काम है। जब तक हम ख़ुद को नहीं समझेंगे, परमात्मा को भी नहीं समझ सकेंगे। क्या भगवान मौजूद हैं की बहस में पड़ने से कोई नतीजा नहीं निकलेगा। उन्होंने महाभारत से श्री कृष्ण और बुआ कुंती का भी उदाहरण दिया कि कुंती ने कृष्ण से कहा था, कृष्ण मुझे दुख चाहिए, क्योंकि तुम दुख में साथ रहते हो। पूरे युद्धकाल में अर्जुन का रथ चला रहे थे। अब जैसे ही सुख का क्षण आया, तुम जाने की कह रहे हो। यह क़िस्सा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि दुख में इंसान बहुत कुछ सोचता है। अपने बारे में, अपनी परेशानियों के बारे में, अपने माहौल के बारे में या दुनिया के बारे में। इस तरह सोचना आत्मबोध की पहली सीढ़ी है। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉक्टर रज़िया हामिद ने की जबकि



स्वागत वक्तव्य मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी की निदेशक डॉक्टर नुसरत मेहदी ने दिया। सेमिनार के बाद मुशायरा किया गया। मुशायरे के बाद एक संवाद ‟उर्दू के साथ मेरा सफर‟ रहा जिसमें रंगमंच एवं सिनेमा के वरिष्ठ अभिनेता सिरोंज के संजय मेहता, राजीव वर्मा और रीता वर्मा ने उर्दू के साथ अपने सफर पर चर्चा की। आखिरी सत्र में महफिल ए क़व्वाली का आयोजन किया गया जिसमें प्रख्यात कव्वाल रईस अनवर साबरी ने समा बांध दिया।

#### उर्दू के क्षेत्र में स्तुति अग्रवाल ने देश भर में किया सिरोंज का नाम रोशन

*स्तुति अग्रवाल ने अपने उर्दू क्षेत्र के अपने गुरू डॉ सैफी सिरोंजी से ही उर्दू सीखी। इस मौके पर स्तुति अग्रवाल के पिता नगर के वरिष्ठ समाजसेवी अनिल अग्रवाल ने अपनी बेटी को हर कदम पर उर्दू के क्षेत्र में आगे बडने का मौका दिया और डॉ सैफी सिरोंजी व अनिल अग्रवाल के प्रयासो व आर्शीवाद से स्तुति अग्रवाल ने देश व विदेशो में आयोजित सेमिनारो में भाग लेकर सिरोंज का नाम देश व दुनिया में रौशन किया। सिरोंज की इस बेटी पर शहरवासियो को भी बडा गर्व है कि एक छोटी सी उम्र में हिन्दी भाषी होते हुए भी स्तुति अग्रवाल ने उर्दू के क्षेत्र में सिरोंज का नाम रौशन किया। स्तुति अग्रवाल ने कम उम्र में ही उर्दू लिखना पढ़ना सीख लिया था क्योंकि घर में पिता अनिल अग्रवाल उर्दू पत्रिकाएं मंगवाते थे और खुद भी सेमिनार मुशायरे आयोजित करते थे। स्तुति सिरोंज की मशहूर हस्ती सैफी सिरोंजी के साथ उनकी उर्दू पत्रिका इंतेसाब का संपादन भी करती हैं। स्तुति की रचनाएं उर्दू के अंतरराष्ट्रीय अंकों का हिस्सा बन चुकी हैं। वो कई नेशनल सेमिनारों में भाग ले चुकी है। उन्होंने राष्ट्रीय बहुभाषीय सेमिनार में भी हिस्सा लिया था जिस में आठ जबानों के लेखक मौजूद थे और स्तुति ने उर्दू का प्रतिनिधित्व किया था। साथ ह ीवह एक अनुवादक के तौर पर भी काम कर रही हैं।*

# ब्रह्मा कुमारीज ने व्यसन मुक्ति कार्यक्रम मा. शाला बड़ौदाताल में किया आयोजित




**सिरोंज।** शासकीय माध्यमिक शाला बड़ौदाताल में व्यसन मुक्ति का कार्यक्रम ब्रह्मा कुमारीज के द्वारा कराया गया। जिसमें राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरस्वती दीदी ने बताया हमारी आत्मा की शक्ति कम होने के कारण हम दिन प्रतिदिन वैष्णव के अधीन होते जा रहे हैं और हम जब रोज समय निकालकर 1 मिनट हर घंटे ईश्वर को याद करें तो हमारे अंदर आध्यात्मिक ऊर्जा बनी रहेगी। जिस कारण से हम तमाम बुरी चीजों से बचे रहेंगे। वही उन्होने बच्चों को बताया कि प्लास्टिक का काम से कम उपयोग करें एल्युमिनियम के बर्तनों से स्वयं को बचाएं उसमें बना हुआ भोजन न करें और सभी बच्चों से और ग्रामीण वासियों से संकल्प कराया। आज से ही बीडी सिगरेट ड्रग्स शराब इन सभी से स्वयं भी दूर रहेंगे और औरों को भी दूर रहने के लिए प्रेरित करेंगे। वही बच्चों ने खुशी-खुशी सभी संकल्प लिया।

इस कार्यक्रम में स्कूल प्रभारी कमलेश साहू,शालू मिश्रा,चंद्रशेखर शर्मा,बलराम सिंह राजपूत आदि उपस्थित रहे।

#### समाज को जागरूक कर युवा पीढ़ी को बचाया जा सकता है

इस मौके पर राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी सरस्वती दीदी ने कहा कि नशे की लत आज के समय में युवाओं के सुनहरे भविष्य को बर्बाद कर रही है और उन्हें अंधकार की ओर धकेल रही है। यह न केवल उनके स्वास्थ्य को नष्ट कर रही है, बल्कि रिश्तों को तोड़कर और पारिवारिक जीवन में अशांति फैलाकर समाज को खोखला कर रही है। युवा अक्सर उत्सुकता, दोस्तों के दबाव, तनाव या फैशन के चलते ड्रग्स, सिगरेट और शराब जैसी घातक आदतों का शिकार बन जाते हैं। युवाओं में इस लत के पीछे साथियों का दबाव, मानसिक तनाव, गरीबी, बेरोजगारी, और सोशल मीडिया,फिल्मों में नशे का गलत चित्रण मुख्य कारण हैं। इस गंभीर समस्या को रोकने के लिए, समय पर ध्यान देना, नशामुक्ति केंद्रों की मदद लेना, पारिवारिक सहयोग और कड़े कानून जैसे एनडीपीएस एक्ट की आवश्यकता है। समाज को जागरूक करके ही इस ‟दीमक‟ से युवा पीढ़ी को बचाया जा सकता है।

### परीक्षा के दौरान तनाव कैसे दूर करें विद्यार्थी?

**सागर।** मन को शांत रखने के लिए विश्राम तकनीकों का अभ्यास जैसे कि गहरी सांस लेना, ध्यान एवं योग का नियमित अभ्यास करना। शारीरिक गतिविधि के लिए समय निकालें, भले ही यह सिर्फ कुछ मिनटों की स्ट्रेचिंग हो या कुछ देर तेज चलना ही क्यों न हो। शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को देखते हुए परीक्षा से पहले व इसके दौरान उचित नींद लेना सुनिश्चित करें। अध्ययन के दौरान खुद को स्फूर्तिवान बनाने के लिए बीच-बीच में अल्प समय के लिए विराम लेना महत्वपूर्ण होता है। अल्प विराम के दौरान सकारात्मक व मनपसंद कार्य कर सकते हैं। परीक्षा से पूर्व या इसके दौरान अकेला व असहाय महसूस करने पर अपने परिजनों, मित्रों या वरिष्ठों से जरूर समस्या साझा करें। कुछ गंभीर अवसादकारक मामलों में पेशेवर मनोवैज्ञानिकों की सहायता भी ली जा सकती है। चर्चा करने से बचें। कुछ उत्तर भिन्न मिल सकते हैं।

#### महिला मोर्चा प्रदेश कार्यालय मंत्री ने शोक व्यक्त कर दी श्रद्धांजलि

### आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कंचन बाई का त्याग नारी शक्ति कर्तव्य व मानवता की अमर मिसालः श्वेता आंनद त्यागी



**सिरोंज।** नीमच जिले की मड़ावदा पंचायत के ग्राम रानापुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में घटित अत्यंत दुःखद एवं हृदयविदारक घटना ने सम्पूर्ण प्रदेश को गहरे शोक में डुबा दिया है। आंगनबाड़ी केंद्र में मधुमक्खियों के अचानक हुए हमले के दौरान मासूम बच्चों की रक्षा करते हुए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती कंचनबाई द्वारा प्रदर्शित साहस,संवेदनशीलता और सर्वोच्च बलिदान सम्पूर्ण समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। वही महिला मोर्चा प्रदेश कार्यालय मंत्री श्रीमति श्वेता आनंद त्यागी ने इस दुःखद घटना पर गहन शोक व्यक्त करते हुए कहा कि कंचन बाई ने अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए जिस निःस्वार्थ भाव से बच्चों की रक्षा की, वह नारी शक्ति, मातृत्व और सेवा भाव की सर्वोच्च अभिव्यक्ति है। उन्होंने अपने प्राणों की परवाह किए बिना बच्चों को तिरपाल से ढँककर सुरक्षित स्थान तक पहुँचाया। इस वीरतापूर्ण प्रयास में वे स्वयं गंभीर रूप से घायल हो गईं और उपचार के दौरान उनका दुःखद निधन हो गया। उन्होने कहा कि कंचन बाई केवल एक आंगनबाड़ी कार्यकर्ता नहीं थीं, बल्कि वे समाज की संवेदनशील प्रहरी थीं। उनका यह सर्वोच्च बलिदान सदैव स्मरणीय रहेगा और आने वाली पीढ़ियों को कर्तव्य, साहस एवं सेवा की प्रेरणा देता रहेगा। इस मौके पर महिला मोर्चा प्रदेश कार्यालय मंत्री श्रीमति त्यागी ने शासन प्रशासन से मांग की कि कंचन बाई के इस महान बलिदान को सम्मानपूर्वक मान्यता दी जाए तथा उनके शोक संतप्त परिवार को समुचित आर्थिक सहायता, अनुकंपा नियुक्ति, बच्चों की शिक्षा एवं भविष्य की सुरक्षा हेतु ठोस और स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों एवं शैक्षणिक संस्थानों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाना अत्यंत आवश्यक है, ताकि भविष्य में इस प्रकार की किसी भी दुर्भाग्यपूर्ण घटना की पुनरावृत्ति न हो और महिला कर्मियों एवं मासूम बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। उन्होने परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकसंतप्त परिवार को यह अपार दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस दुःख की घड़ी में महिला मोर्चा पीड़ति परिवार के साथ पूर्ण संवेदना और मजबूती से खड़ा है।

# सीएमएचओ ने ली स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा बैठक, हाई रिस्क गर्भवतियों पर विशेष फोकस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर

आजीविका मिशन भवन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामहित कुमार द्वारा बुधवार को आजीविका भवन में स्वास्थ्य सेवाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन अहिरवार सहित बीपीएम, बीसीएम, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सेक्टर सुपरवाइजर, सीएचओ, एएनएम, एमपीडब्ल्यू, आशा सुपरवाइजर एवं आशा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। बैठक में सीएमएचओ द्वारा क्षेत्रवार आशा, एएनएम एवं सीएचओ से गर्भवती महिलाओं की अद्यतन जानकारी ली गई। उन्होंने हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की संख्या, उनके प्रबंधन एवं देखरेख की स्थिति की समीक्षा करते हुए संबंधित स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। सीएमएचओ ने निर्देश दिए कि चिन्हित हाई रिस्क गर्भवतियों को प्रसव की संभावित तिथि से सात दिन पूर्व बर्थ वेटिंग रूम में भर्ती कराना सुनिश्चित किया जाए।

साथ ही समय पर 108 एम्बुलेंस सेवा का उपयोग कर घर या रास्ते में प्रसव की स्थिति से बचाव किया जाए, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को रोका जा सके। परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए आशा कार्यकर्ताओं से उनके क्षेत्र के लक्ष्य, उपलब्धियां एवं अपनाए जा रहे साधनों की जानकारी ली गई। आशा डायरी का अवलोकन कर कार्य प्रोटोकॉल का पालन करने के निर्देश दिए गए। निष्क्रिय आशाओं के विरुद्ध सेवा समाप्ति का प्रस्ताव भेजने की बात भी कही गई।

बैठक के दौरान निर्देश दिए गए कि इस माह प्रसव संभावित गर्भवतियों से फोन पर संपर्क कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली जाए। शत-प्रतिशत प्रसव, नवजात शिशुओं की एचबीएनसी एवं एचबीसीडी जांच सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया।

### जिला गंगा समिति की बैठक संपन्न, जिम्मेदारों को लापरवाही करने पर दी कार्रवाई की चेतावनी

# नदियों की स्वच्छता व निगरानी पर महत्वपूर्ण निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

कलेक्टर अंशुल गुप्ता की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट स्थित बेतवा सभागार में जिला गंगा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में डीएफओ हेमंत यादव, जिपं सीईओ ओपी सनोडिया सहित समिति के सदस्यगण सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

बैठक में जिले की नदियों के संरक्षण, स्वच्छता और सतत निगरानी को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले की सभी नदियों के किनारे बसे ग्रामों में एक-एक पंजी (रजिस्टर) संधारित किया जाए। कलेक्टर ने विशेष रूप से निर्देशित किया कि नदियों में पहुंचने वाले जल की शुद्धता पर सतत निगरानी रखी जाए और प्रदूषण के संभावित स्त्रोतों की पहचान कर समयबद्ध कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि ग्रामस्तर पर समुदाय की भागीदारी से नदियों के संरक्षण का कार्य अधिक प्रभावी ढंग से किया जा सकता है। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि वे अपने-अपने विभागीय दायित्वों के अनुरूप कार्ययोजना तैयार कर नदी संरक्षण गतिविधियों को गति दें। स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों से भी जनजागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को नदी स्वच्छता अभियान से जोड़ने का आह्वान किया गया।



#### नदियों की मिट्टी के कटाव को रोकने

जिला गंगा समिति की बैठक में नदियों के किनारों पर बढ़ते मिट्टी के कटाव (तट क्षरण) को गंभीरता से लेते हुए इसके रोकथाम हेतु ठोस प्रबंधों के प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि नदी तटों पर जहां-जहां कटाव की स्थिति अधिक है, वहां प्राथमिकता के आधार पर सुरक्षात्मक कार्य किए जाएं। इसके अंतर्गत तट सुदृढ़ीकरण, पौधारोपण, घास पट्टी विकास, बोल्डर पिचिंग तथा जैविक अवरोध (बायो-फेंसिंग) जैसे उपाय अपनाए जाएंगे। ग्राम पंचायतों को भी इस अभियान से जोड़ा जाएगा और मनरेगा जैसी योजनाओं के माध्यम से श्रमप्रधान कार्यों को बढ़ावा दिया जाएगा। वन विभाग को नदी किनारों पर स्थानीय प्रजातियों के पौधारोपण का दायित्व सौंपा गया है, जिससे हरित आवरण बढ़े और भूमि का क्षरण कम हो।

#### आने वाली पीढ़ी को स्वच्छ जल, बेहतर भूमि और सुरक्षित पर्यावरण दें" - कलेक्टर

जिला गंगा समिति की बैठक में कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर अपनी स्पष्ट और संवेदनशील अपेक्षाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ पानी, बेहतर जमीन और सुरक्षित पर्यावरण आने वाली पीढ़ी को विरासत में देना हम सबका नैतिक द यित्व है। कलेक्टर श्री गुप्ता ने कहा कि प्रकृति केवल संसाधन नहीं, बल्कि हमारी जिम्मेदारी भी है। यदि वर्तमान पीढ़ी जल स्त्रोतों, नदियों, भूमि और वन संपदा की सुरक्षा के लिए गंभीर प्रयास नहीं करेगी, तो भविष्य की पीढ़ियों को इसका दुष्परिणाम भुगतना पड़ेगा। उन्होंने अधिकारियों और समाज के सभी वर्गों से आह्वान किया कि पर्यावरण संरक्षण को केवल सरकारी योजना न मानकर जन आंदोलन के रूप में अपनाया जाए। उन्होंने विशेष रूप से नदियों की स्वच्छता, जल संरक्षण, भूमि कटाव को रोकने तथा वृक्षारोपण जैसे कार्यों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए।

# पानी टंकी निर्माण का विरोध, शाला प्रभारी ने एसडीएम को सौंपा आवेदन

**ग्यारसपुर।** विकासखंड के ग्राम धुरेरा स्थित एकीकृत माध्यमिक शाला परिसर में जल निगम द्वारा कराए जा रहे पानी की टंकी निर्माण कार्य को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। शाला परिसर के खेल मैदान में टंकी बनाए जाने से शाला प्रभारी सहित ग्रामीणों ने कड़ा विरोध जताया है और निर्माण कार्य रुकवाने की मांग को लेकर एसडीएम को आवेदन सौंपा गया है।

शाला प्रभारी एवं ग्रामीणों का कहना है कि यदि स्कूल परिसर में पानी की टंकी का निर्माण किया गया तो भविष्य में किसी बड़ी दुर्घटना से इनकार नहीं किया जा सकता। टंकी के साथ ट्रांसफार्मर लगाए जाने की संभावना भी जताई जा रही है, जिससे विद्यार्थियों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने बताया कि शाला का मैदान बच्चों की खेल गतिविधियों, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं अन्य शैक्षणिक आयोजनों के लिए एकमात्र स्थान है। यदि यहां टंकी का निर्माण होता है तो बच्चों के खेलने की जगह समाप्त हो जाएगी। जिससे उनके सर्वांगीण विकास पर भी प्रतिकूल असर पड़ेगा। ग्रामीणों एवं शाला प्रबंधन ने मांग की है कि पानी की टंकी का निर्माण स्कूल परिसर के बजाय किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर किया जाए, ताकि विद्यार्थियों की सुरक्षा और शैक्षणिक गतिविधियां प्रभावित न हों। इस संबंध में जब एसडीएम शशि मिश्रा से बात की गई तो उन्होंने कहा कि,मामले की जांच की जाएगी और जांच के बाद नियमों के अनुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

### नपा अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

**देवरीकलां।** देवरी नगरपालिका की अध्यक्षा नेहा अलकेश जैन ने देवरी नगर के विभिन्न वार्डो नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं उन्हे शासकीय योजनाओं का समुचित लाभ दिलाने के लिए वार्ड स्तर पर जन समस्या निवारणों का आयोजन आरंभ कर दिया है। बुधवार को बाजार वार्ड में आयोजित शिविर में वार्डवासियों द्वारा 50 से अधिक शिकायते दर्ज कराई गई। बुधवार को नगर के बाजार वार्ड स्थित ठाठिया मंदिर परिसर में शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नगरपालिका अध्यक्ष नेहा अलकेश जैन ने वार्ड प्रभारी एवं अमले के साथ नागरिकों की समस्याये सुनी एवं उनके निराकरण हेतु संबंधित शाखाओं को निर्देशित किया है। दोपहर से आरंभ होकर शाम तक चले इस शिविर में बाजार वार्डवासियों द्वारा अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया, जिन्हे निर्धारित फार्मेट में जानकारी एकत्र कर संबंधित शाखाओं को भेजा गया है।

# श्रीहरि वृद्धाश्रम में वरिष्ठजनों का डिजिटल वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

साामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के सौजन्य से आज पांच फरवरी को श्रीहरि वृद्धाश्रम, विदिशा में वरिष्ठ नागरिकों के लिए डिजिटल वित्तीय साक्षरता (डिजिटल फाइनेंस लिटरेसी) कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

उक्त कार्यक्रम का उद्देश्य वरिष्ठजनों को ऑनलाइन वित्तीय लेन-देन से जुड़ी आवश्यक जानकारियां प्रदान करना तथा उन्हें सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग के प्रति जागरूक बनाना था। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित विशेषज्ञों द्वारा वरिष्ठ नागरिकों को मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, एटीएम उपयोग, ऑनलाइन भुगतान, डिजिटल धोखाधड़ी से बचाव, ओटीपी की गोपनीयता तथा साइबर सुरक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं की सरल एवं व्यवहारिक जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें यह भी बताया गया कि किसी भी संदिग्ध कॉल या लिंक पर प्रतिक्रिया न दें और बैंक से जुड़ी जानकारी केवल अधिकृत माध्यमों से ही साझा करें।

इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक विदिशा से कल्पना सक्सेना, फाइनेंस लिटरेसी काउंसलर (एसबीआई) ने बैंकिंग सेवाओं एवं सुरक्षित डिजिटल ट्रांजेक्शन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी विश्वविद्यालय की सपना दीदी ने सकारात्मक जीवनशैली एवं मानसिक सजगता पर प्रेरक उद्बोधन दिया। कार्यक्रम में ओमप्रकाश चतुर्वेदी (समाजसेवी) तथा ए.बी. खरे, उपसंचालक सामाजिक न्याय विभाग विदिशा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में विभाग के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे तथा सभी वरिष्ठजनों का आत्मीय स्वागत किया गया। अंत में वरिष्ठजनों ने कार्यक्रम को उपयोगी बताते हुए इस प्रकार की जागरूकता गतिविधियों को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता व्यक्त की।

### पुस्तकों से मित्रता करें, सफलता का यही सच्चा मार्ग हैः अभिषेक भार्गव

**गढ़ाकोटा।** सागर जिले के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा के नटराज ऑडिटोरियम में उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन की योजनांतर्गत पात्र अनुसूचित जाति, जनजाति के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क पाठ्य-पुस्तक एवं स्टेशनरी वितरण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साह पूर्वक भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में अभिषेक भार्गव तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिक कुमार शर्मा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज तिवारी और दिनेश लहरिया उपस्थित रहे।

### जिला पुरातत्व,पर्यटन एवं संस्कृति परिषद व जिप्र का आयोजन

# विदिशा जिले के पर्यटक स्थलों की सोशल मीडिया से फोटो एवं वीडियो ग्राफी/ रील्स सबमिशन प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ विदिशा

विदिशा जिले की पुरातात्विक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटक स्थलों तथा धरोहरों का संरक्षण, प्रोत्साहन एवं व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद एवं जिला प्रशासन विदिशा के संयुक्त तत्वाधान आयोजित कॉन्टेस्ट के माध्यम से रचनात्मक युवाओं एवं कलाकारों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान किया जा रहा है। फोटो, वीडियो, रील में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को जिला स्तर पर आकर्षक पुरस्कार भी प्रदाय किए जाएंगे।

प्रतिभागी द्वारा तैयार किया गया फोटो अथवा वीडियो/रील कंटेंट 1 फरवरी से 28 फरवरी 2026 की अवधि में ही अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा। इस अवधि से पूर्व का कोई भी कंटेंट प्रतियोगिता हेतु मान्य नहीं होगा। सहभागिता करने के लिए प्रतिभागी को पीआरओ जनसंपर्क विदिशा के फेसबुक एकाउंट पर पिन किए गए गूगल लिंक फॉर्म में पंजीयन करना अनिवार्य रहेगा। शॉर्ट वीडियो की अवधि न्यूनतम 30 सेकंड एवं अधिकतम 5 मिनट होगी। फोटो एवं वीडियो दोनों उत्तम गुणवत्ता के होने चाहिए। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु प्रतिभागी का विदिशा जिले का निवासी होना अनिवार्य है।

प्रस्तुत सामग्री केवल विदिशा जिले के पुरातात्विक, ऐतिहासिक एवं पर्यटन स्थलों पर आधारित होनी चाहिए (विजय मंदिर (बीजामंडल), माता मंदिर (लोहांगी पहाड़ी), जटाशंकर महादेव मंदिर (विदिशा), चरणतीर्थ मंदिर (विदिशा), राम-लक्ष्मण मंदिर (त्रिवेणी, विदिशा), महलघाट शिव मंदिर, रामघाट मंदिर, रंगई मंदिर (विदिशा), अघोरेश्वर महादेव मंदिर (विदिशा), रामदेव मंदिर (शमशाबाद), प्राचीन हनुमान मंदिर (तालाब, लटेरी), फटी दांत मंदिर (लटेरी), बड़ी मदगन का शिव मंदिर, छोटी मदगन का शिव मंदिर, महामाई मंदिर (सिरोंज), शिव मंदिर (बढ़ोह), जटाशंकर महादेव मंदिर (सिरोंज), लक्ष्मण मंदिर (कालू आमखेड़ा), उदयपुर का किला, कुरवाई नवाब का किला, विदिशा के राजा का प्राचीन महल, अगरा बरखेड़ा का किला, हेलियोडोरस का स्तंभ (खंभा बाबा), उदयगिरि गुफाएँ, मालादेवी मंदिर (ग्यारसपुर), बाजरामठ (ग्यारसपुर), अठखंबा (ग्यारसपुर), हिंडोला तोरण (ग्यारसपुर), देकनी नाय का बौद्ध स्तूप, उदयपुर (गंजबासौदा) के स्मारक, बड़ोह पठारी के स्मारक और बड़ी-छोटी मदागन, एवं अन्य स्थल जो कमेटी को लगता है ) प्रतियोगिता हेतु मान्य पर्यटन स्थलों की सूची में शामिल प्रमुख मंदिर, किले, महल, गुफाएँ, स्तंभ, स्मारक एवं अन्य ऐतिहासिक स्थल होंगे। इसके अतिरिक्त जिला प्रशासन/चयन समिति को पर्यटन की दृष्टि से उपयुक्त किसी अन्य स्थल को मान्य करने का अधिकार सुरक्षित रहेगा। शॉर्ट वीडियो की अवधि न्यूनतम 30 सेकंड एवं अधिकतम 5 मिनट होगी। फोटो एवं वीडियो दोनों उत्तम गुणवत्ता के होने चाहिए। सोशल मीडिया पोस्ट करते समय #TourismVidisha एवं #ExploreVidisha हैशटैग का उपयोग करना अनिवार्य होगा। प्रतियोगिता की वैध अवधि 01 फरवरी 2026 से 28 फरवरी 2026 तक होगी। इसी अवधि में अपलोड की गई सामग्री ही मान्य होगी। रील्स फ़ोटो आप बनाते समय किसी भी प्रकार का जोखिम/खतरा/उठाना सख्त मना है। किसी भी प्रकार की दुर्घटना अथवा विपरीत स्थिति की जिम्मेदारी स्वयं प्रतिभागी की होगी।

विजेताओं का चयन सोशल मीडिया (Views/Likes/Comments/Shares) एवं जिला प्रशासन द्वारा गठित चयन समिति के संयुक्त मूल्यांकन के आधार पर किया जाएगा। चयन समिति का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा।

## व्यस्त सड़कों पर रोज बिगड़ रही यातायात व्यवस्था, हर रूट पर वाहनों का जमघट

# बेलगाम बस चालकों ने शहर को बना दिया अघोषित बस स्टैंड, राहगीरों का बने सिरदर्द

**हालात यह हैं कि सुबह और शाम के व्यस्त समय में जाम लगना आम हो गया है, जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही**

**शहर में सवारी ऑटो की भरमार, बस चालकों ने भी मनमानी से बनाएं अनेकों बस स्टॉप, विभाग नहीं करता कोई कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन



शहर में निजी यात्री बस ऑपरेटरों की मनमानी इस कदर बढ़ गई है कि लगभग हर प्रमुख सड़क अब अघोषित बस स्टैंड में तब्दील हो चुकी है। प्रायवेट यात्री बसें जहां-तहां खड़ी कर सवारी बैठाने-उतारने का सिलसिला रोजाना यातायात व्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है। हालात यह हैं कि सुबह और शाम के व्यस्त समय में जाम लगना आम हो गया है। जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

शहर के सांची मार्ग पर महामाया चौक व जनसेवा हॉस्पिटल के सामने, सागर मार्ग पर भवानी होटल के सामने, गर्ल्स स्कूल, मुखर्जी नगर गेट, स्वामी विवेकानंद कॉलेज के सामने दिनभर बसों, ऑटो और अन्य वाहनों का जमघट लगा रहता है। बस चालक बीच सड़क पर ही बस रोककर सवारियां बैठाते हैं, जिससे पीछे चल रहे वाहन रुकने से लंबा जाम लग जाता है। अघोषित इन बस स्टैंड के चलते पैदल चलने वालों, स्कूली बच्चों और मरीजों को सबसे ज्यादा परेशानी हो रही है। जिला अस्पताल मार्ग पर बसों की भीड़ के कारण एंबुलेंस तक को रास्ता नहीं मिल पाता। कई बार तो विवाद की स्थिति भी बन जाती है। डिवाइडर बन जाने से परेशानी आने लगी है।

### ट्रैफिक नियमों की कर रहे अनदेखी

बस ऑपरेटरों द्वारा नो पार्किंग जोन में बसें खड़ी करना, तय स्टॉपेज के अलावा सवारी उठाना और सड़क के बीच में बस रोकना यात्रियों को बिठाना आम बात हो गई है। इसके बावजूद न तो जिला परिवहन विभाग और न ही यातायात पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नजर आ रही है।

### सड़कों पर बने अस्थाई स्टॉपेज से राहगीर परेशान

रायसेन क्षेत्र के छोटे गांवों और कस्बों में बस स्टैंड के अभाव में सड़कों पर यात्री वाहन खड़े होते हैं। स्थायी बस स्टैंड का अभाव होने से सुविधा घर की भी परेशानी का सामना करते हैं ग्रामीण यात्री। जनसंख्या के साथ वाहनों की संख्या का भी रहता है दबाव, सड़क किनारे पार्क कर दिए जाते हैं वाहन। शहर के दोनों रूट में स्थाई बस स्टैंड नहीं होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। रायसेन सिटी में स्थाई पार्किंग स्थाई बस स्टैंड नहीं होने से वाहन चालक अपने वाहनों को सड़क के किनारे ही वाहन खड़े कर देते हैं। प्रशासन शहर वासियों की इस परेशानी को दूर नहीं कर पा रहा है।

### नगर में पार्किंग स्थल की लंबे समय से उठ रही मांग

स्थानीय लोगों और दुकानदारों की बहुत लंबे समय से स्थाई बस स्टैंड पार्किंग की मांग चल रही है, लेकिन प्रशासन ने इस कार्य को करना उचित नहीं समझा है। इन पैमत में पक्की सड़क पर होने से हर वक्त छोटे बड़े वाहनों की आवाजाही रहती है। सभी क्षेत्रों के लिए जाने वाली बसें कस्बे में रुकती हैं इसी सड़क से चिकलोद रायसेन, की ओर जाने वाले वाहनों व यात्रियों का आवागमन होता है। तो दूसरी ओर गौहरगंज भोजपुर भोपाल की ओर जाने के लिए यात्री इस सड़क मार्ग का उपयोग करते हैं।

### बिगड़ती यातायात व्यवस्था से नागरिकों में नाराजगी

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि प्रशासन समय रहते सख्ती नहीं करता तो किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। लोगों ने मांग की है कि तय बस स्टॉपेज के अलावा कहीं भी बस रोकने पर कड़ी कार्रवाई की जाए और अघोषित बस स्टैंड पर तत्काल रोक लगे। बहरहाल अब देखना यह है कि जिला व पुलिस प्रशासन कब तक इन बेलगाम बस ऑपरेटरों पर लगाम कसता है, या शहर की सड़कों पर यही अराजकता यूं ही चलती रहेगी।

## नगर सीमा में फोरलेन जगमाएगा

# दो करोड़ से फोरलेन 45 पर साढ़े 6 किलोमीटर पर लगेंगी स्ट्रीट लाइटें




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नया वर्ष 2026 नगर विकास की नई-नई सौगातें लेकर आया है। न.प. अब नगर पालिका बनेगी और 40-45 वर्षो पुराना गौरव प्राप्त करेगी। 4-5 वर्षो पूर्व फोरलेन 45 मार्ग और बरेली वायपास मार्ग का निमार्ण हुआ, परन्तु अन्धकार को दूर करने स्ट्रीटलाइटें लगाने का कार्य छोड़ दिया। अनेक वर्षो से नागरिकों संस्थाओं द्वारा फोरलेन 45 पुल-पुलियों एवं चौराहों पर स्ट्रीटलाइटें लगाने की पुरजोर मांग थी।

क्षेत्र के विद्यायक प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल ने एमपीआरडीसी को पत्र लिखा आखिरकार 2 करोड़ से अधिक राशि स्वीकृत होने और टेन्डर लग जाने से अब नगर का वायपास जिसकी लम्बाई लगभग साढ़े 6 कि.मी. है स्ट्रीटलाइटें लगाने से जगमग होगा। न.प. करेगी रखरखाव विल जमा- एमपीआरडीसी के मुख्य अभियन्ता ने 26 सितम्बर 25 को पत्र लिख कर न.प. से वायपास पर स्ट्रीटलाइट लगाने का विल जमा करने और रखरखाव की लिखित गांरटी मांगी गई थी। न.प. अध्यक्ष हेमन्त राजा भैया चौधरी, नगर परिषद द्वारा जनहित के सर्वोपरि मानते हुए प्रस्ताव पारित कर शर्त स्वीकार कर लिखित गांरटी दी गई।

जगमग हो वायपास चौराह पर हाईमास्क- 3-4 वर्षो से लगातार नागरिकों संस्थाओं द्वारा मांग एवं समाचार पत्रों में वायपास पर अन्धकार बना रहना सुर्खियां बना रहा। एमपीआरडीसी ने लगभग 2 करोड़ की निविदा जारी की और ब्रजगोपाल कम्पनी को सडक पर स्ट्रीटलाइट लगाने, धोखेड़ा चोराहे, छींद धाम जोड़ चोराहे पर हाइमास्क लाइट लगाने की जिम्मेदारी सोंपी है।

## खबर संक्षेप

### अयोध्या धाम यात्रा के लिए 24 तक मांगे आवेदन

**रायसेन।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत आयोध्या की तीर्थ यात्रा के लिए रायसेन जिले के 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों से 24 फरवरी तक आवेदन आमंत्रित किए हैं। पात्रता रखने वाले शहरी क्षेत्र के आवेदक नगरीय निकाय में तथा ग्रामीण क्षेत्र के आवेदक संबंधित जनपद पंचायत में कार्यालयीन दिवसों, अवधि में आवेदन जमा कर सकते है। जिले के 779 तीर्थ यात्री अयोध्या तीर्थ दर्शन के लिए ट्रेन से 10 मार्च को रवाना होंगे तथा तीर्थदर्शन उपरांत 13 मार्च को वापस रायसेन आएंगे।

### जिला उत्कृष्ट एवं मॉडल स्कूल परीक्षा 8 को

**रायसेन।** मध्यप्रदेश राज्य मुक्त स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जिला उत्कृष्ट व मॉडल स्कूल एवं श्रमोदय आवासीय प्रवेश चयन परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। यह परीक्षा 8 फरवरी को सुबह 11 बजे से शुरू होगी और दोपहर 1 बजे तक चलेगी। श्रमोदय आवासीय प्रवेश परीक्षा में कुल 2 हजार 870 विद्यार्थी एवं जिला उत्कृष्ट/मॉडल स्कूल प्रवेश परीक्षा में 80 हजार 699 विद्यार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के लिए प्रदेशभर में कुल 386 परीक्षा केंद्र बनाए हैं।

### सुल्तानपुर में 10 फरवरी को होगा युवा संगम मेला

**रायसेन।** जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार तथा स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के निर्देशानुसार 10 फरवरी को नगर परिषद प्रांगण सुल्तानपुर में जिला स्तरीय युवा संगम मेले का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार कार्यालय, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र तथा कौशल विकास विभाग के संयुक्त तत्वधान में आयोजित यह युवा संगम मेला 10 फरवरी 2026 को प्रातः 11 बजे से अपरान्ह 03 बजे तक आयोजित किया गया है। इस युवा संगम मेले के माध्यम से युवाओं को विभिन्न कम्पनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने के साथ ही शासन की स्वरोजगारमूलक योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी।

## विधायक कप वॉलीबॉल का आगाज

# पहले मुकाबले में भिड़ीं ग्वालियर व नर्मदापुरम की टीमें मैदान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इटारसी

ग्राम रामपुर में तीन दिवसीय अखिल भारतीय विधायक कप वॉलीबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ हुआ। खेल के प्रति उत्साह जगाने के उद्देश्य से आयोजित इस टूर्नामेंट में विभिन्न जिलों की नामी टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट का पहला रोमांचक मैच ग्वालियर और नर्मदापुरम की टीमों के बीच खेला गया। कायक्रम में सुधीर पटेल, प्रशांत तिवारी, भारत सिंह राजपूत, संतोष पाटिल और अखिलेश खंडेलवाल सहित कई गणमान्य



नागरिक मौजूद रहे। यह प्रतियोगिता 5 फरवरी तक चलेगी, जिसमें हर दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। टूर्नामेंट कमेटी के अध्यक्ष भगवती चौरे और सचिव आशुतोष तिवारी ने बताया कि आयोजन को लेकर खेल प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। कार्यक्रम का संचालन शैलेन दीक्षित ने किया।

# छींद धाम प्रांगण में हो रहा दुर्गा मंदिर का निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

संपूर्ण नर्मदा क्षेत्र के साथ प्रदेश में ख्याति प्राप्त सिद्ध-प्रसिद्ध हनुमान मंदिर छींद धाम में प्रति शनिवार मंगलवार को हजारों हनुमान श्री राम भक्तों की भीड़ उमड़ती है। मंदिर प्रांगण में श्रद्धालुओं के लिए निरंतर सुविधाओं में इजाफा हो रहा है। अब सप्ताह के अन्य दिनों में भी हनुमान भक्त छींद धाम आते हैं। जन्मदिन मनाने के साथ हमेशा भंडारे के आयोजनों की श्रृंखला बनी रहती है।

दुर्गा मंदिर का निर्माण - दशकों पूर्व तक छींद में लगभग 150 सौ वर्ष पुराने विशाल पीपल वृक्ष के नीचे हनुमान जी की छोटी सी मढिया हुआ करती थी। अब सुविधायुक्त विशाल मंदिर का भव्य निर्माण हो चुका है सामने श्री राम दरबार का मंदिर है प्रांगण में श्रद्धालुओं के बैठने विश्राम करने परिक्रमा पाठ ध्यान इत्यादि की बेहतर व्यवस्थाएं छींद मंदिर समिति अध्यक्ष कृष्ण कुमार रघुवंशी छींद धाम सेवक के प्रयासों से हो गई है छींद धाम सेवक रघुवंशी के प्रयासों और कल्पना अनुसार मां दुर्गा के मंदिर का निर्माण प्रांगण में प्रारंभ हो गया है जिसके अगले दो-तीन वर्षों में पूर्ण होने की संभावना है।



यहां प्रति शनिवार मंगलवार एवं अन्य दिनों में हजारों भक्तों का छींद धाम आना-जाना होता है मुख्य मंदिर पहुंच मार्ग जो की सरकारी गोहा है सडक़ के दोनों और दुकानों अतिक्रमण की भरमार से वाहन तो क्या पैदल चलना भी जोखिम भरा बना रहता है सरकारी मंदिर पहुंच मार्ग से अतिक्रमण हटाने के आदेश कभी भी भीड़ भाड़ के दौरान बड़ा हादसा होने की संभावना पुलिस द्वारा व्यक्त किए जाने के बाद अतिक्रमण हटाने के प्रति उदासीनता बनी रहने से मंदिर आने वाले श्रद्धालु नर नारी बच्चों बुजुर्गों को परेशानियों के बीच मंदिर तक पहुंचना पड़ता है।

# 7 किमी में 210 पोलों पर हाईमास्ट स्ट्रीट लाइट की सौगात

**मुख्यमंत्री अधोसंरचना योजना के अंतर्गत सिलवानी नगर को मिलेगा नया सौंदर्य**

**नगर परिषद सिलवानी का प्रयास, अब दूधिया उजास में नहाएंगी नगर की चारों दिशाएं,**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर के लिए विकास का एक उजला अध्याय लिखे जाने को है। वह दिन अब अधिक दूर नहीं जब नगर के चारों दिशाओं से गुजरने वाली मुख्य हाईवे सड़कें रात्रि के अंधकार को चीरती हुई दूधिया रोशनी से जगमगाती नजर आएंगी। नगर परिषद सिलवानी की दूरदर्शी सोच और नगर को सुंदर, सुरक्षित व आधुनिक स्वरूप देने की प्रतिबद्धता इस महत्वाकांक्षी योजना के रूप में साकार हो रही है।

मुख्यमंत्री नगरीय क्षेत्र अधोसंरचना योजना के अंतर्गत नगर परिषद द्वारा नगर के प्रमुख प्रवेश मार्गों को हाई मास्ट स्ट्रीट लाइट से रोशन करने की परियोजना पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। इस योजना के तहत उदयपुरा मार्ग, बम्होरी मार्ग और गैरतगंज मार्ग पर लगभग दो-दो किलोमीटर तथा सागर मार्ग पर करीब एक किलोमीटर तक के हिस्से में हाई मास्ट स्ट्रीट लाइट स्थापित की जाएंगी। नप के अनुसार इस कार्य को शीघ्र प्रारंभ कर निर्धारित



समय में पूर्ण किए जाने की तैयारी है। नगर के चारों दिशाओं में फैले लगभग 7 किलोमीटर क्षेत्र में कुल 210 बिजली के पोलों पर उच्च गुणवत्ता की हाई मास्ट स्ट्रीट लाइट लगाए जाने का प्रावधान है। इस परियोजना पर नगर परिषद द्वारा करीब डेढ़ करोड़ रुपये की राशि व्यय की जा रही है। यह प्रकाश व्यवस्था न केवल नगर के प्रवेश द्वारों को भव्य बनाएगी।

### नगर के चारों मार्ग होंगे अब स्ट्रीट लाइट से सुसज्जित

नगर परिषद द्वारा नगर के चारों प्रवेश मार्गों पर हाई मास्ट स्ट्रीट लाइट लगाने की यह पहल उसकी दूरगामी सोच को दर्शाती है। यह विकास कार्य न केवल भौतिक ढांचे को सुदृढ़ करेगा, बल्कि नागरिकों के जीवन में भी सुरक्षा, सुविधा और संतोष का उजास भरने का कार्य करेगा। नगर अब रोशनी के नए युग की ओर अग्रसर है, जहां विकास और सौंदर्य एक साथ कदमताल करते नजर आएंगे। नगर परिषद की यह पहल निश्चित रूप से सिलवानी को एक सुंदरए सुरक्षित और आधुनिक नगर के रूप में स्थापित करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

### इनका कहना है

नगर को सुंदर और विकसित बनाना परिषद की प्राथमिकता है। हाइवे की मुख्य सड़कों पर हाई मास्ट स्ट्रीट लाइट लगाकर नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देना हमारा उद्देश्य है। आने वाले समय में और भी विकास कार्य किए जाएंगे।

**- श्रीमति रेशु विभोर नायक,** अध्यक्ष, नगर परिषद सिलवानी।

### इनका कहना है

परियोजना की सभी प्रशासनिक प्रक्रियाएं पूर्ण कर ली गई हैं और कार्य शीघ्र प्रारंभ होगा। गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि नागरिकों को शीघ्र लाभ मिल सके।

**-ऋषिकांत यादव,** सीएमओ नप सिलवानी।

# जलवायु परिवर्तन व मानव स्वास्थ्य पर कार्यक्रम हुआ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नर्मदापुरम

राष्ट्रीय जलवायु परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत जिला प्रशिक्षण केंद्र में स्वास्थ्यकर्मियों को जलवायु परिवर्तन के स्वास्थ्य प्रभावों से बचाव के लिए प्रशिक्षित किया गया। सीएमएचओ डॉ नरसिंह गेहलोत की देखरेख में आयोजित इस प्रशिक्षण में सीएचओ और आशा कार्यकर्ताओं को जलवायु-संवेदनशील बीमारियों की निगरानी, प्रबंधन और जागरूकता के बारे में जानकारी दी गई। डॉ सृजन सेंगर ने मानसिक स्वास्थ्य, डॉ मिलन सोनी ने मुख और ओरल स्वास्थ्य, और आर एस चौहान ने एकीकृत निगरानी रोग पर प्रशिक्षण दिया। नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्कीम के अंतर्गत फिजियोथेरेपी संबंधी प्रशिक्षण भी दिया गया।

### बिजली मीटर से छेड़छाड़ करने पर धारा 136 के तहत की जाएगी कार्रवाई

**नर्मदापुरम।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी बिजली के मीटर में अनावश्यक छेड़छाड़ करने पर कार्रवाई करेगा। ऐसा करने वालों के विरूद्ध धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी। कंपनी का कहना है कि किसी उपभोक्ता को मीटर, उसकी रीडिंग, बिलिंग या बिजली व्यवधान जैसी कोई शिकायत हो तो वे तुरंत कॉल सेंटर के फोन नंबर 1912 पर या ऑनलाइन वेबसाइट अथवा उपाय एप या बिजली वितरण केन्द्र जोन कार्यालय में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यदि उपभोक्ता शरारती तत्वों के बहकावे में आकर मीटर में तोड़फोड़ या उखाड़कर अन्यत्र स्थापित करने या सर्विस लाइन को नुकसान पहुंचाने का कार्य करते हैं तो उनके विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136 के तहत कार्रवाई होगी जिसमें 3 वर्ष का कारावास अथवा 10 हजार रूपये का जुर्माना अथवा दोनों सजाओं से दण्डित करने का प्रावधान है।

## जनवरी माह के सर्वे में रातापानी टाइगर रिजर्व में पक्षियों का नया रिकॉर्ड

# 198 प्रजातियां मिलीं, साइबेरियन पक्षियों की मौजूदगी

**दाहोद जलाशय में 119 प्रजातियों के पक्षी दर्ज किए, रातापानी डेम में 65 और झोलियापुर तालाब में 14 प्रजातियों की पहचान की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले के रातापानी टाइगर रिजर्व में हाल ही में कराई गई पक्षी गणना में 198 प्रजातियों के पक्षी दर्ज किए गए हैं। बाघ और तेंदुओं के लिए पहचाने जाने वाला यह रिजर्व अब पक्षियों की समृद्ध विविधता के कारण भी चर्चा में है। गणना के दौरान साइबेरियन सहित कई प्रवासी पक्षियों की मौजूदगी सामने आई है, जिससे यह क्षेत्र बर्ड वॉचर्स के लिए नए आकर्षण के रूप में उभरा है।

वन विभाग द्वारा 7 और 8 जनवरी को कराई गई इस गणना के नोडल अधिकारी एवं एसडीओ औबेदुल्लागंज निकुंज पांडे ने



बताया कि दाहोद जलाशय में 119 प्रजातियों के पक्षी दर्ज किए गए। वहीं बरुसोत क्षेत्र के रातापानी डेम में 65 और झोलिया पुर तालाब में 14 प्रजातियों की पहचान की गई।

पिछली गणना में 150 प्रजातियां दर्ज की थीं यह रातापानी टाइगर रिजर्व में दूसरी पक्षी गणना थी। इससे पहले जनवरी 2022 में हुई गणना में 150 प्रजातियां दर्ज की गई थीं।

अधिकारियों के अनुसार, इस बार के आंकड़ों का अंतिम विश्लेषण अभी बाकी है, जिसके बाद प्रजातियों की संख्या और बढ़ने की संभावना है। गणना के दौरान टीमों ने दाहोद बांध जलाशय, बरुसोत के रातापानी डेम और झोलिया तालाब के दोनों किनारों तथा बैकवाटर क्षेत्र का गहन सर्वे किया। इसके अलावा आसपास के तालाबों, नदी किनारों, खेतों, बस्तियों और खुले इलाकों में भी पक्षियों की गणना की गई। इससे स्पष्ट हुआ कि रिजर्व का पारिस्थितिकी तंत्र जंगल तक सीमित नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों तक फैला हुआ है। रातापानी टाइगर रिजर्व में वन विभाग द्वारा 7 और 8 जनवरी को कराया गया सर्वे।

रातापानी टाइगर रिजर्व में वन विभाग द्वारा 7 और 8 जनवरी को कराया गया सर्वे।दुर्लभ और प्रवासी प्रजातियां भी दिखींपक्षी गणना में कई दुर्लभ और प्रवासी प्रजातियां दर्ज की गईं। इनमें रेड हेडेड, इजिप्शियन, वाइट रम्प्ड और इंडियन वल्चर जैसे दुर्लभ गिद्ध शामिल हैं। वहीं वेटलैंड क्षेत्रों में जैकाना, सैंडपाइपर, गल, टर्न, एग्रेट और कॉर्पोरेंट देखे गए। सर्दियों में साइबेरियन और अन्य प्रवासी पक्षियों की मौजूदगी रही, जबकि स्थानीय क्षेत्रों में स्पैरो, सनबर्ड, प्रिनिया, स्टार्लिंग और रॉबिन जैसी प्रजातियां भी गणना में शामिल रहीं।

# आरएसएस के पूर्व जिला संघ चालक ठाकुर का निधन

**बरेली।** बरसों तक बरेली जिला राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक रहे धनराज सिंह ठाकुर का 5 फरवरी को निधन हो गया। ग्राम हरसिली निवासी ठाकुर धनराज सिंह मूलतः कृषक होने के साथ हमेशा सामाजिक धार्मिक कार्यों में सक्रिय रहते थे कुछ समय से बीमार थे। आज अंतिम संस्कार - स्वर्गीय धनराज सिंह ठाकुर का अचानक निधन हो जाने से ग्राम हरसिली और आरएसएस के कार्यकर्ताओं में शोक छा गया। भरत राज सिंह एवं बलराज सिंह ठाकुर के पिता स्वर्गीय धनराज सिंह जी का आज 6 फरवरी को प्रातः 10 बजे उनके गृह ग्राम हरसिली में अंतिम संस्कार किया जाएगा।



### पचमढ़ी मेले में भक्तों को मिलेगा स्वास्थ्य लाभ

**नर्मदापुरम।** महादेव मेले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम द्वारा महाशिवरात्रि मेला पचमढ़ी वर्ष 2026 के लिए विभिन्न पाइंटो पर चिकित्सा व्यवस्था हेतु चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, एंबुलेंस वाहन चालक सहित की डियुटी 5 फरवरी से 15 फरवरी तक लगाई गई है। डॉ. रिचा कटकवार, खण्ड चिकित्सा अधिकारी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पिपरिया को मेला प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। जो मेले में बीमार होने वाले भक्तों की देख भाल करेंगे।